जनता से रिश्ता
www.jantaserishta.com

छत्तीसगढ़ में पकड़ाया 22 लाख का नकली नोट, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

अंबिकापुर। तंत्र मंत्र के नाम पर लोगों को धोखा देने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को अंबिकापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 22 लाख रुपए की नक़ली नोट, नकली सोना के 80 बिस्कुट, 11 नग मोबाइल, प्रिंटर व असली दो लाख रुपए बरामद किया है. आरोपियों ने अम्बिकापुर से 15 दिन पहले एक ग्रामीण से 8 लाख 51 हजार रुपए का भी ठगी किया था. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ने बताया कि मणिपुर थाना क्षेत्र के जगसाय राजवाड़े निवासी ग्राम बरढोढ़ी सरनापारा 2 मई 2024 को थाना मणीपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि नागपुर महाराष्ट्र का बताने वाले अज्ञात व्यक्ति से उसके मोबाइल नंबर पर कुछ माह पूर्व से बातचीत होता रहता था. 29 अप्रैल को उक्त व्यक्ति उसके घर घूमने के मकसद से आकर उससे मिला और हर्बल प्रोडेक्ट का काम होना बोलकर अम्बिकापुर चला गया. अगले दिन 30 अप्रैल कों वह पुनः एक अन्य व्यक्ति को साथ लेकर उसके घर पहुंचा।

Source: https://jantaserishta.com/local/chhattisgarh/fake-note-of-rs-22-lakh-caught-in-chhattisgarh-police-made-big-revelation-3274563